# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जुलाई, 2019 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## शुक्रवार, दिनांक 12 जुलाई, 2019 (आषाढ़ 21, 1941)

## समय 11.00 बजे दिन.

### 1. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना.

श्री जीतू पटवारी, उच्च शिक्षा मंत्री –

(क) मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 47 की अपेक्षानुसार –

(i) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017-2018,

(ii) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का 61 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017-2018 एवं

(ख) महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (क्रमांक 15 सन् 2008) की धारा 43 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017-2018,

पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) डॉ. अशोक मर्सकोले, सदस्य, जबलपुर के बरेला से मण्डला राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य अपूर्ण होने से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य, प्रदेश के स्कूलों में अनफिट बसों का संचालन होने से उत्पन्न स्थिति की ओर परिवहन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. याचिकाओं की प्रस्तुति.

(1) श्री रामकिशोर 'नानो' कावरे, सदस्य, बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत कोस्ते, खुरसोड़ी की माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में एवं घुनाड़ी, बूढ़ियागांव के हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,

(2) श्री इन्दर सिंह परमार, सदस्य, शाजापुर जिले के ग्राम उगाह से अमलावती मितेरा की मुख्य सड़क तक निर्माण किये जाने,

(3) श्री संजय शर्मा, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम छीतापार से बरमान रेतघाट तक पक्का मार्ग निर्माण किये जाने,

(4) श्री देवेन्द्र वर्मा, सदस्य, खण्डवा जिले में खण्डवा-इन्दौर के मध्य सुविधाजनक यात्री परिवहन व्यवस्था किये जाने,

(5) श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम पटपड़ा डोमरी से अपतरा तक रोड का निर्माण किये जाने,

(6) श्री आशीष गोविन्द शर्मा, सदस्य, देवास जिले के ग्राम पंचायत बोरानी पठार में आंगनबाड़ी स्वीकृत किये जाने,

(7) श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम नागुली के शासकीय माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(8) श्री बहादुर सिंह चौहान, सदस्य, उज्जैन जिले के ग्राम रानी पिपल्या एवं हिड़ी के मध्य डेम स्वीकृत किये जाने,

(9) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीमच जिले के ग्राम चम्पी से कालीकोटड़ी तक डामरीकृत सड़क बनाये जाने,

(10) श्री प्रदीप पटेल, सदस्य, रीवा जिले के विधानसभा क्षेत्र मऊगंज के सिविल अस्पताल एवं तहसील हनुमना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं स्टॉफ की व्यवस्था किये जाने,

(11) श्री शैलेन्द्र जैन, सदस्य, सागर जिले के संत रविदास वार्ड में श्री मोहन अहिरवार (सेठ) के घर से कॉम्पलेक्स होते हुये श्री अजुद्धी भोपाली के घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कराये जाने,

(12) श्री रामपाल सिंह, सदस्य, रायसेन जिले के ग्राम बड़गवा में विद्युत सब-स्टेशन स्वीकृत किये जाने,

(13) श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, सदस्य, सतना जिले के जिला चिकित्सालय का उन्नयन एवं बेड बढ़ाये जाने,

(14) श्री शरद जुगलाल कोल, सदस्य, शहडोल जिले के ग्राम बास की माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(15) डॉ. मोहन यादव, सदस्य, उज्जैन शहर के नानाखेड़ा स्टेडियम को विकसित किये जाने,

(16) श्री आलोक चतुर्वेदी, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम बगौता तालाब को बगौता नाले से जोड़े जाने,

(17) श्री पुरूषोत्तम लाल तंतुवाय, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम बरखेरा वैश की माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(18) श्री संजय यादव, सदस्य, जबलपुर जिले के ग्राम पंचायत मगरधा में पेयजल हेतु हैण्डपंप खनन की स्वीकृति प्रदान किये जाने,

(19) श्री कुंवरजी कोठार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम कोड़ियाखेड़ी एवं जोगीपुरा में नवीन सब-स्टेशन की स्थापना किये जाने,

(20) श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम शहपुरा एवं निटर्रा को पक्के मार्ग से जोड़े जाने,

(21) श्री जालम सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोकीपार के बारूरेवा नदी पर पहुंच मार्ग व पुल का निर्माण किये जाने,

(22) श्री संजय उइके, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम मण्डई में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(23) डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, होशंगाबाद जिले में आयोडीन मुक्त नमक की बिक्री प्रारंभ कराये जाने,

(24) श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, सदस्य, मंदसौर जिले के ग्राम घंघोड़ा एवं पालसोड़ा को राजस्व ग्राम घोषित किये जाने,

(25) श्री राकेश गिरि, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के नगरीय क्षेत्र की जीर्ण-शीर्ण इमारतों से विद्युत कनेक्शन विच्छेद कराये जाने,

(26) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के नरयावली क्षेत्र अंतर्गत विद्युत कटौती रोकने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा ....... (क्रमशः).

**निर्धारित समय**

## 6. अशासकीय संकल्प.

(1) श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**60 मि.** "यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण हेतु राशि 1.50 लाख रूपये दी जाती है, उसे शहरी क्षेत्रों के समान राशि रूपये 2.50 लाख किया जाए.".

(2) श्री संजय यादव, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**45 मि.** "सदन का मत है कि दशहरा, दीपावली एवं होली जैसे त्यौहारों के दौरान विद्यालयों में छुट्टियों की संख्या में वृद्धि कर, छुट्टियों के तुरंत बाद कोई परीक्षा आयोजित न की जाए.".

(3) श्री विनय सक्सेना, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**45 मि.** "यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि इटारसी से चलकर इलाहाबाद जाने के लिए प्रतिदिन नई ट्रेन चलाई जाए.".

**ए. पी. सिंह**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 11 जुलाई, 2019**